Padma Bhushan



Shri Rajat Sharma

Shri Rajat Sharma is the Chairman and Editor-in-Chief, lndia TV. He is also the President of The News Broadcasters Association of India (NBA) and Vice President. Strategic affairs of The Indian Broadcasting Foundation. He is best known for his popular inteiyiew based show 'Aap Ki Adalat` and `Aaj Ki Baat' the 9 pm prime time news bulletin from Monday- Friday.

2. Born on l8th February, l957, Shri Rajat Sharma`s childhood was anything but easy. Life was a constant struggle. He had to share a l0xl0 feet room with his 6 brothers and one sister. There was no electricity and no running water. He studied at a nearby municipal school. After having completed his schooling, he got admission at Shriram College of Commerce (SRCC) from where he graduated with a B.Com degree.

3. After having completed his M.Com, he started his Career as a researcher and subsequently he joined the Onlooker Magazine as a trainee and then went on to become its Editor in 1985. After having spent three years at Onlooker, he joined Sunday Observer as an Editor and later on The Daily again as the Editor. It was in 1992 in the midst of casual conversation that the concept of Aap Ki Adalat took shape and in l993 the first episode of Aap Ki Adalat was shot for Zee with Shri Lalu Yadav, the then Chief Minister of Bihar. Rajat Sharma has interviewed more than 750 guests on his show and recently Aap Ki Adalat celebrated 2l years of broadcast thereby making it the longest running show in lndia's television history.

4. At Zee, under his leadership, history was created when lndia's first private television news bulletin was launched in 1995. ln l997, he and along with his wife Ms. Ritu Dhawan, currently the MD and CEO of lndia TV, set up their own production house - Independent News Service (INS), the parent company which owns India TV and Aap Ki Adalat then shifted to Star Plus and was renamed as Janata Ki Adalat. Finally it was in 2004 when Rajat Sharma decided to launch an independent channel that Aap Ki Adalat shifted to India TV.

5. India TV today is one of most watched Hindi news channels and the channel's prime time flagship show Aaj Ki Baat that Shri Shanna anchors every day at 9 pm has been topping the TRP charts week after week.

6. Shri Rajat Sharma has been the recipient of numerous awards and prominent amongst them are the ITA Award for Best Anchor - News/Current Affairs show, Entrepreneur of the Year' Award in 2009 by Exchange 4 media and lndian Television Academy Lifetime Achievement Award.



श्री रजत शर्मा

श्री रजत शर्मा, इण्डिया टीवी के अध्यक्ष और प्रधान सम्पादक हैं। आप द न्यूज़ ब्रॉडकास्टर्स एसोसिएशन ऑव इण्डिया (एन बी ए) के भी अध्यक्ष और स्ट्रेटजिक अफेयर्स ऑव द इण्डियन ब्रॉडकास्टिंग फाउंडेशन के उपाध्यक्ष हैं। आप अपने साक्षात्कार पर आधारित लोकप्रिय शो 'आपकी अदालत' और सोमवार से शुक्रवार तक 09 बजे प्राइम टाइम न्यूज बुलेटिन 'आज की बात' के लिए सर्वाधिक लोकप्रिय हैं।

2. आपका जन्म फरवरी 18, 1957 को हुआ। आपका बचपन सहज नहीं था। आपके जीवन में लगातार संघर्ष बना रहा। आपको अपने 6 भाइयों और एक बहन के साथ 10x10 फीट के एक कमरे में बहुत मशक्कत से रहना पड़ता था। आपके इस कमरे में न तो बिजली की सुविधा थी और न ही उसमें पानी आता था। आपने एक नज़दीकी नगरपालिका के विद्यालय में अध्ययन किया। अपनी स्कूली शिक्षा पूरी करने के बाद, आपने श्री राम कॉलिज ऑव कॉमर्स में दाखिला लिया और वहां से बी. कॉम. की उपाधि हासिल की।

3. एम. कॉम. की उपाधि हासिल करके अपना अध्ययन पूरा करने के बाद, आपने अपना कॅरिअॅर एक शोधकर्ता के रूप में शुरू किया और बाद में आप एक प्रशिक्षु (ट्रेनी) के रूप में ऑनलुकर पत्रिका में काम करने लगे और फिर सन् 1985 में इस पत्रिका के सम्पादक बन गए। ऑनलुकर में 03 साल की सेवा करने के बाद, आप एक सम्पादक के रूप में संडे ऑब्जर्वर में काम करने लगे तथा बाद में सम्पादक के रूप में द डेली में काम करने लगे। सन् 1992 में आकस्मिक बातचीत के बीच आपकी अदालत की अवधारणा ने शक्ल अख्तियार की और सन् 1993 में ज़ी के लिए बिहार के तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री लालू यादव से आपकी अदालत का पहला एपिसोड शूट किया गया। आपने अपने इस शो में 750 से अधिक अतिथियों का साक्षात्कार लिया है और हाल ही में आपकी अदालत नामक इस मशहूर शो के प्रसारण के 21 वर्ष पूरे हो जाने का समारोह मनाया गया है, जिसके द्वारा भारत के दूरदर्शन के इतिहास में यह सबसे लम्बे अरसे तक प्रसारित होने वाले सबसे लोकप्रिय शो के रूप में स्थापित हुआ है।

4. आपके नेतृत्व में ज़ी पर उस समय इतिहास रचा गया जब पहले निजी दूरदर्शन न्यूज़ बुलेटिन को 1995 में शुरू किया गया। सन् 1997 में आपने अपनी पत्नी श्रीमती रितु धवन, इण्डिया टीवी की प्रबन्ध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सहित अपना ही प्रोडक्शन हाउस-इंडिपेन्डेन्ट न्यज़ सर्विस (आई एन एस) इंडिया टी वी और आपकी अदालत का मालिकाना हक़ रखने वाली पेरेन्ट कम्पनी को क़ायम किया और बाद में आपने स्टार प्लस की तरफ रुख कर लिया और उसे जनता की अदालत के रूप में नया नाम दिया गया। अंतत: यह सन् 2004 में हुआ जबकि आपने एक स्वतन्त्र चैनल शुरू करना तय किया कि आपकी अदालत को इंडिया टी वी में शिफ़्ट कर दिया।

5. इंडिया टी वी आजकल सबसे ज़्यादा देखे जाने वाले हिन्दी न्यूज़ चैनलों में एक अत्यन्त लोक- लुभावन चैनल है और रोज़ रात को 09 बजे प्रसारित किए जाने वाले इस चैनल के जिस प्राइम टाइम फ्लैगशिप शो 'आज की बात' की आप एंकरिंग करते हैं, वह टी आर पी चार्टस् में हफ़्ते-दर-हफ़्ते शीर्ष (टॉप) पर जा रहा है।

6. श्री शर्मा को अनेक पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है, जिनमें न्यूज़/करेंट अफेयर्स शो के बैस्ट एंकर रहने के फलस्वरूप आई टी ए अॅवॉर्ड, एक्सचेंज फॉर मीडिया द्वारा वर्ष, 2009 में एंट्रप्रिनियर ऑव द ईयर अॅवॉर्ड और भारतीय दूरदर्शन अकादमी का लाइफ टाइम अॅचीवमेंट अॅवॉर्ड प्रमुख हैं।